
झारखण्ड सरकार




रघुवर दास
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग



## वार्षिक कार्य प्रतिवेदन 2014-2015

## वार्षिक कार्य योजना 2015-2016




गणतंत्र दिवस 2015 के अवसर पर दुमका में प्रदर्शित झाँकी को प्रथम पुरस्कार



गणतंत्र दिवस 2015 के अवसर पर राँची में प्रदर्शित झाँकी को तृतीय पुरस्कार

झारखण्ड सरकार

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

## वार्षिक कार्य प्रतिवेदन
## 2014-15

एवं

## वार्षिक कार्य योजना
## 2015-16

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

राज्य की जनता को सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में संचार माध्यमों के जरिए अवगत कराना तथा जनता की समस्याओं एवं क्रिया-प्रतिक्रिया से सरकार को अवगत कराना सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का प्रमुख दायित्व है। इसके लिए संचार के विभिन्न माध्यमों यथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया, प्रकाशन, प्रदर्शनी, होर्डिंग आदि के माध्यम से विस्तृत प्रचार-प्रसार किया जाता है। वस्तुतः यह विभाग सरकार एवं जनता के बीच सेतु का कार्य करता है।

## वर्ष 2014-15 में प्रमुख उपलब्धियाँ

1. गणतंत्र दिवस-2015 के अवसर पर राजपथ, नई दिल्ली में मंदिरों के गाँव मलूटी की सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत को आकर्षक झाँकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
2. श्री गोपाल दास मुखर्जी को मलूटी के टेराकोटा आर्ट को ख्याति दिलाने एवं उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।
3. सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक पत्रकार बीमा योजना को लागू किया गया, जिसके अंतर्गत राज्य के अंशकालिक एवं प्रखंडस्तरीय पत्रकारों को आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु/पूर्ण या आंशिक अपंगता की स्थिति में 5,00,000/- (पाँच लाख) रुपये तक की बीमा राशि का प्रावधान है। दुर्घटना में चिकित्सा व्यय की राशि 50,000/- (पचास हजार) रुपये तक प्रतिपूर्ति का प्रावधान है।
4. रामगढ़ जिला में सूचना भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
5. झारखण्ड की कला संस्कृति उद्योग एवं खनन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF) नई दिल्ली में किया गया।
6. जनजातीय समुदाय के गहनों में प्रकृतिजन्य सौंदर्य-बोध मुखर है। इन ईथनिक आभूषणों की माँग देश-विदेश के बाजार में दिनों-दिन बढ़ रही है। अतः आभूषणों के निर्माण के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस 2015 पर राँची एवं दुमका में झारखण्ड के जनजातीय आभूषणों पर आधारित झाँकी का प्रदर्शन किया गया। दुमका में झाँकी को प्रथम पुरस्कार एवं राँची में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।
7. लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव के अवसर पर मतदाता-जागरूकता अभियान को व्यापक पैमाने पर चलाया गया जिसके फलस्वरूप मतदाताओं की संख्या में अपेक्षाकृत वृद्धि हुई।
8. राज्य सरकार के सभी प्रकार के विज्ञापनों की प्राप्ति से लेकर भुगतान तक का कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है। इसके कारण अब किसी कर्मी को विज्ञापन लेकर राँची नहीं आना पड़ता

है, जिससे राजस्व की बचत हो रही है तथा समाचार पत्रों को भी विभाग में विज्ञापन लेने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता है।

9. सूचना भवन में ई-लाईब्रेरी को स्थापित कर समाचार-पत्रों के महत्वपूर्ण कतरन ऑन-लाईन ई-मेल के माध्यम से राज्य मुख्यालय से लेकर जिला तक सम्प्रेषित किये जा रहे हैं। ई-लाईब्रेरी के द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के नियमों/अधिसूचना/अनुदेश/नीतियों को संकलित कर ऑन-लाईन किया गया है।

10. विभिन्न विभागों से प्राप्त विज्ञापनों को प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित सामग्रियों को ई-लाईब्रेरी के माध्यम से ई-मेल पर सुलभ कराया जा रहा है।

11. राज्य की महत्त्वपूर्ण विशिष्टताएँ, सांस्कृतिक वैभव एवं उद्योगों पर आधारित वृत्तचित्र का निर्माण कराया गया है, जिसका प्रसारण राष्ट्रीय चैनलों में भी प्रसारित किया जायेगा।

12. झारखण्ड डायरी 2015, दूरभाष निर्देशिका, टेबुल कैलेण्डर एवं दिवाल कैलेण्डर का प्रकाशन कर वितरण किया गया।

13. विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा पारंपरिक संचार माध्यमों से गीत-नाट्य योजना के तहत् स्थानीय लोक कलाकारों की मंडली द्वारा राज्य की विकास योजनाओं, वन अधिकार अधिनियम, सूचना का अधिकार, मनरेगा, मतदाता जागरूकता आदि विषयों पर प्रचार-प्रसार किया गया।

14. राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न मेलों में विभाग द्वारा प्रदर्शनी-सह सूचना शिविर लगाये गये। इस प्रकार के शिविर देवघर एवं बासुकीनाथ के श्रावणी मेला; दुमका के हिजला मेला; राँची में रथ यात्रा, सरस मेला एवं मुड़मा मेला; चतरा के ईटखोरी महोत्सव; जमशेदपुर के स्वदेशी मेला इत्यादि के अवसर पर आयोजित किये गये।

## वित्तीय वर्ष 2014-15 में गैर योजना मद में बजट उपबंध

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए गैर-योजना में मुख्य शीर्ष 2251 सचिवालय सेवाएँ तथा 2220 सूचना तथा प्रचार के अंतर्गत क्रमशः 76,57,000 तथा 59,24,04,000 रुपये का उपबंध निम्न प्रकार है:-

| क्रम सं. | मुख्यशीर्ष / लघुशीर्ष / उपशीर्ष | बजट उपबंध (रुपये) |
|---|---|---|
| 1. | 2251- सचिवालय सामाजिक सेवाएँ-090- सचिवालय-15- सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग | 76,57,000 |
| 2. | 2220- सूचना तथा प्रचार-01- फिल्म -001 निदेशन और प्रशासन -01- निदेशन एवं प्रशासन | 6,11,64,000 |
| 3. | 101- विज्ञापन और दृश्य प्रचार-02- सरकारी विज्ञापन | 40,00,00,000 |
| 4. | 106- क्षेत्र प्रचार -02- जिला भ्रमणशील इकाइयाँ | 13,12,40,000 |
| | | **कुल : 60,00,61,000** |

## गैर योजना मद में 2015-16 में प्रस्तावित बजट

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए गैर-योजना में मुख्य शीर्ष 2251 सचिवालय सेवाएँ तथा 2220 सूचना तथा प्रचार के अंतर्गत क्रमशः 76,08,000 तथा 56,41,30,000 रुपये का उपबंध निम्न प्रकार किया गया है:-

| क्रम सं. | मुख्यशीर्ष / लघुशीर्ष / उपशीर्ष | बजट उपबंध (रुपये) |
|---|---|---|
| 1. | 2251- सचिवालय सामाजिक सेवाएँ-090- सचिवालय-15- सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग | 76,08,000 |
| 2. | 2220- सूचना तथा प्रचार-01- फिल्म -001 निदेशन और प्रशासन -01- निदेशन एवं प्रशासन | 6,64,19,000 |
| 3. | 101- विज्ञापन और दृश्य प्रचार-02- सरकारी विज्ञापन | 35,00,00,000 |
| 4. | 106- क्षेत्र प्रचार -02- जिला भ्रमणशील इकाइयाँ | 14,77,11,000 |
| | | **कुल : 57,17,38,000** |

## वित्तीय वर्ष - 2014-15 में योजना मद में बजट उपबंध

### योजना उद्व्यय 2500 लाख

(रुपये लाख में)

| क्रम सं | योजना का नाम | कुल बजट उपबंध | जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना | अन्य क्षेत्रीय उपयोजना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेला एवं प्रदर्शनी | 125 | 75 | 50 |
| 2 | नई मोटरगाड़ी का क्रय | 1 | 1 | 0 |
| 3 | सूचना भवन का अनुरक्षण एवं निर्माण | 125 | 75 | 50 |
| 4 | मशीनरी एवं उपकरण | 40 | 25 | 15 |
| 5 | फ्लैक्स, होर्डिंग, प्रकाशन | 400 | 250 | 150 |
| 6 | गीत नाट्य | 75 | 50 | 25 |
| 7 | फिल्म निर्माण एवं प्रसारण | 1475 | 950 | 525 |
| 8 | सचिवालय पुस्तकालय की स्थापना | 40 | 40 | 0 |
| 9 | सेमिनार, सिम्पोजियम, वर्कशॉप | 50 | 30 | 20 |
| 10 | जन-संचार / सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, झारखण्ड, राँची में इंटर्नशीप हेतु छात्रवृत्तियाँ | 20 | 10 | 10 |
| 11 | शोध एवं अन्वेषण योजना | 40 | 20 | 20 |
| 12 | प्रेस क्लब की स्थापना | 1 | 1 | 0 |
| 13 | सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम | 1 | 1 | 0 |
| 14 | विकास से संबंधित आलेख के लिए पुरस्कार | 5 | 3 | 2 |
| 15 | विभागीय सूचना केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण एवं नेटवर्किंग | 50 | 50 | 0 |
| 16 | मिनी थियेटर-सह-सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना | 1 | 1 | 0 |
| 17 | जन सूचना संस्थान की स्थापना | 1 | 1 | 0 |
|  | नई योजना NEW SCHEME |  |  |  |
| 18 | नई दिल्ली में सूचनाकेन्द्र की स्थापना एवं सुसज्जीकरण | 45 | 0 | 45 |
| 19 | फिल्म सिटी की स्थापना | 5 | 5 | 0 |
| कुल : |  | 2500 | 1588 | 912 |

# वित्तीय वर्ष - 2015-16 में योजना मद में प्रस्तावित बजट उपबंध

## चालू योजना

## योजना उद्व्यय 3500 लाख

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | योजना का नाम | कुल बजट उपबंध | जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना | अन्य क्षेत्रीय उपयोजना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फ्लैक्स, होर्डिंग, पुस्तिका (पम्पलेट्स) का निर्माण एवं प्रकाशन तथा साहित्य, मैगजीन, पोस्टर, विवरणिका, सजावटी विज्ञापन आदि का प्रकाशन | 1100 | 700 | 400 |
| 2 | फिल्म, वृत्तचित्र, विकास केन्द्रित सूचना पर विज्ञापनों का निर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक चैनलों द्वारा प्रसारण | 1400 | 900 | 500 |
| 3 | मेला एवं प्रर्दशनी | 200 | 120 | 80 |
| 4 | सचिवालय पुस्तकालय-सह-राज्य सूचना केन्द्र की स्थापना | 40 | 40 | 0 |
| 5 | सेमिनार, सिम्पोजियम, कॉन्फ्रेंस तथा कार्यशाला | 45 | 25 | 20 |
| 6 | गीत-नाट्य | 100 | 60 | 40 |
| 7 | शोध एवं अन्वेषण योजना | 10 | 5 | 5 |
| 8 | जन-संचार हेतु छात्रवृत्ति | 5 | 5 | 0 |
| 9 | राज्य सूचना भवन का अनुरक्षण, मरम्मति एवं सुसज्जीकरण | 40 | 30 | 10 |
| 10 | विभागीय सूचना केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण एवं नेटवर्किंग | 80 | 80 | 0 |
| 11 | जनसंचार उपकरणों का क्रय | 50 | 30 | 20 |
| 12 | विकास से संबंधित आलेख के लिए पुरस्कार | 5 | 3 | 2 |
| 13 | सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम | 40 | 40 | 0 |
| 14 | प्रेस क्लब की स्थापना | 25 | 25 | 0 |
| 15 | नई दिल्ली में सूचना केन्द्र की स्थापना | 45 | 0 | 45 |
| 16 | सरकारी कार्यक्रमों हेतु वाह्य स्रोत से वाहन (OB वैन) | 250 | 250 | 0 |
| 17 | सूचना भवन का निर्माण - मुख्य निर्माण कार्य | 65 | 10 | 55 |
| | **कुल :** | **3500** | **2323** | **1177.00** |

## मुख्य शीर्ष -2220- सूचना तथा प्रचार के अन्तर्गत
## वित्तीय वर्ष 2015-16 की कार्य योजना

1. **फ्लैक्स, होर्डिंग, पुस्तिका (पम्पलेट्स) का निर्माण एवं प्रकाशन तथा साहित्य, मैगजीन, पोस्टर, विवरणिका, सजावटी विज्ञापन आदि का प्रकाशन** :- वित्तीय वर्ष 2015-16 में सरकार की उपलब्धियों, कार्यक्रमों एवं नीतियों को राज्य के आम लोगों तक प्रचार-प्रसार हेतु नई होर्डिंग्स संरचना स्थापित करने, अति महत्त्वपूर्ण स्थानों पर L.E.D. स्क्रीन की संस्थापना, सजावटी विज्ञापन (Display Advertisement) तथा मुख्यालय सहित विभिन्न जिलों में अवस्थित क्षेत्रीय इकाईयों के लिए अधिकारिक डायरी, कैलेण्डर, पत्रिका विवरणी के प्रकाशन की योजना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 1100.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 700.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 400.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

2. **फिल्म, वृत्तचित्र, विकास केन्द्रित सूचना पर विज्ञापनों का निर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक चैनलों द्वारा प्रसारण** :- राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं नीतियों के संबंध में दृश्य-श्रव्य विज्ञापन (टी.वी. स्पॉट) कल्याणकारी उपायों पर आधारित वृत्त चित्र और सरकारी योजनाओं पर आधारित विज्ञापनों का निर्माण कर उन्हें दूरदर्शन, आकाशवाणी, निजी इलेक्ट्रॉनिक, सेटेलाईट चैनल, एफ.एम. रेडियो, टी.वी. इत्यादि के माध्यम से प्रसारण की योजना है। साथ ही न्यू एज मीडिया यथा फेसबुक, लिंक्ड-इन, यू-ट्यूब, ट्विटर, प्रोजेक्शन मैपिंग, मोबाइल स्कैनिंग, जियो लोकेशन सर्विस इत्यादि के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार की योजना है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 1400.00 लाख रूपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 900.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत 500.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

3. **मेला एवं प्रदर्शनी** :- इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों के प्रति आम जन में जागरूकता फैलाना है। इसके तहत् राज्य के क्षेत्रीय प्रचार इकाईयों के द्वारा विशेष अवसरों यथा-राष्ट्रीय समारोहों, श्रावणी मेला, हिजला मेला, जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला आदि के अवसर पर प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किए जाने की योजना है। साथ ही गणतंत्र दिवस एवं अन्य महत्त्वपूर्ण अवसरों पर झांकी के माध्यम से राज्य की कला-संस्कृति, महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों आदि का प्रदर्शन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, नई दिल्ली में स्टॉल लगाना इत्यादि योजनाएँ भी प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 200.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के

अन्तर्गत 120.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 80.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

4. **सचिवालय पुस्तकालय-सह-राज्य सूचना केन्द्र की स्थापना** :- सूचना भवन में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की गई है जिसके द्वारा समाचार-पत्रों के महत्त्वपूर्ण कतरन ऑनलाइन ई-मेल के माध्यम से राज्य मुख्यालय से लेकर जिला तक संप्रेषित किये जा रहे हैं। ई-लाइब्रेरी के द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के नियमों/अधिसूचना/अनुदेश/नीतियों को संकलित कर ऑनलाइन किया गया है। साथ ही, विभिन्न विभागों से प्राप्त विज्ञापनों के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित सामग्रियों को ई-लाइब्रेरी के माध्यम से ई-मेल पर सुलभ कराया जा रहा है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 40.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 40.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

5. **सेमिनार-सिम्पोजियम, कॉन्फ्रेंस तथा कार्यशाला** :- सूचना एवं जनसम्पर्क से संबंधित नियमित क्षमता संवर्द्धन हेतु जनसंचार एवं विकास से संबंधित प्रमुख व्यक्तियों/संस्थानों के सहयोग एवं उनकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए विभागीय पदाधिकारियों/कर्मचारियों, मीडिया प्रोफेशनल्स, जनसंचार के विद्यार्थियों एवं अन्य संबंधितों के लिए विभाग द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर (मुख्यालय राँची सहित राज्य के पाँच प्रमण्डल मुख्यालयों तथा दिल्ली सहित देश के अन्य प्रमुख स्थानों में) सेमिनार-सिम्पोजियम, वर्कशॉप, कंडक्टेड टूर के कार्यक्रम आदि आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 45.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 25.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत 20.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

6. **गीत-नाट्य** :- यह प्रचार-प्रसार का एक अत्यंत सुदृढ़, सशक्त एवं प्रभावपूर्ण माध्यम है। गीत-नाट्य में स्थानीय कलाकारों एवं स्थानीय लोक/संगीत/नृत्य का प्रयोग किया जाता है, जिस वजह से स्थानीय लोग आसानी से जुड़ाव महसूस कर पाते हैं। इस योजना के तहत् मुख्यालय सहित राज्य के सभी जिलों में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमों का पारम्परिक प्रचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाता है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 100 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 60.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत 40.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

7. **शोध एवं अन्वेषण योजना** :- सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास एवं कल्याणपरक कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा समीक्षा एवं अध्ययन हेतु शोध एवं अन्वेषण योजना वित्तीय वर्ष 2011-12 से

प्रारंभ है। सरकार की विभिन्न नीतियों, विकासोन्मुखी एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से संबंधित शोध एवं अन्वेषण हेतु संदर्भ सामग्रियों का संकलन-प्रकाशन एवं विशिष्ट अकादमिक संस्थाओं के द्वारा मूल्याकंन एवं अध्ययन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस हेतु संबंधित क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान अथवा अनुभव-प्राप्त व्यक्तियों/संस्थाओं को संस्थागत फेलोशिप दिये जाने का भी प्रस्ताव है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 10.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 5.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत 5.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

8. **जन-संचार हेतु छात्रवृत्ति** :- झारखण्ड के सभी वर्गों के छात्र जो कि देश के नामी संस्थानों से जन-संचार की पढ़ाई करने के इच्छुक हैं उन्हें पाठन-शुल्क (ट्यूशन फीस) के रूप में 100 प्रतिशत सहायता अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव है। यह सहायता केवल IIMC नई दिल्ली एवं ढेंकानाल, जामिया मिलिया, नई दिल्ली, फिल्म एवं टेलिविजन संस्थान-पुणे, सत्यजीत रे फिल्म संस्थान, कोलकाता तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए मान्य होगी। इसके अतिरिक्त 48 प्रत्याशियों को 24 जिलों में इंटर्नशिप तथा विभाग की विभिन्न प्रशाखाओं में उपर्युक्त संख्या में इंटर्नशिप प्रदान करने का प्रस्ताव है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 5.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 5.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

9. **राज्य सूचना भवन का अनुरक्षण मरम्मति एवं सुसज्जीकरण** :- राँची स्थित सूचना भवन एवं कतिपय अन्य क्षेत्रीय इकाईयों के सूचना भवनों के अनुरक्षण, मरम्मति, बाहरी दीवारों का निर्माण एवं आंतरिक सुसज्जीकरण हेतु योजना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 40.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 30.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 10.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

10. **विभागीय सूचना केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण एवं नेटवर्किंग** :- सरकारी योजनाओं/नीतियों के कार्यान्वयन हेतु सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के माध्यम से मुख्यालय सहित राज्य के सभी जिलों से ऑनलाईन विज्ञापन एवं प्रेस विज्ञप्ति प्राप्त किया जा रहा है एवं प्रेषित भी किया जा रहा है। इस इकाई के अन्तर्गत सूचना एवं जनसंचार की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। सूचना के सम्प्रेषण ऑनलाइन विज्ञापन निर्गम, इंटरनेट लीजलाइन का अनुप्रयोग, विभागीय वेबसाइट का रख-रखाव, मुख्यमंत्री-वेबसाइट का प्रबंधन तथा SMS एकीकरण एवं संबंधित उपकरणों का क्रय इस योजना के अपरिहार्य भाग है। इस योजना के

लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 80.00 लाख रुपये प्रस्तावित हैं, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 80.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

11. **जनसंचार उपकरणों का क्रय** :- जनसंचार, विभाग का अत्यधिक महत्त्वपूर्ण कार्य है। अतएव विभाग के विभिन्न कार्यालयों में सम्प्रेषण उपकरणों की उपलब्धता अवश्यंभावी है। टी.वी. सेट, जन-संबोधन उपकरण व्यवस्था, LED, कम्प्यूटर सेट इत्यादि का क्रय इस कार्य के लिए किया जाना प्रस्तावित है। इन उपकरणों को जिला, प्रखण्ड, मुख्यालय तथा विभाग के दिल्ली स्थित कार्यालयों में प्रस्थापित किया जाएगा। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 50.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 30.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 20.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

12. **विकास से संबंधित आलेख के लिए पुरस्कार** :- इस स्कीम की परिकल्पना उन रचनात्मक पत्रकारों को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है, जिन्होंने राज्य एवं जिला स्तर के विकास कार्यों को प्रक्षेपित करते हुए कहानी लेखन किया है। ऐसे पत्रकारों को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस स्कीम के तहत् फिल्म निर्माताओं एवं प्रमुख फिल्मी हस्तियों को भी प्रोत्साहित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 5.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 3.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 2.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

13. **सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम** :- इस योजना के माध्यम से राज्य के अशिक्षित जनता एवं दूर-दराज के अपेक्षाकृत उपेक्षित स्थानों की रूचियों एवं जरूरतों को प्रतिबिंबित करने हेतु सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 40.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 40.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

14. **प्रेस क्लब की स्थापना** :- झारखण्ड सरकार द्वारा प्रेस क्लब की स्थापना के लिए रांची में भू-खण्ड का आवंटन किया गया है। विभाग द्वारा आधारभूत अवसंरचना एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 25.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 25.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

15. **नई दिल्ली में सूचना केन्द्र की स्थापना** :- झारखण्ड सरकार नीतियों, कार्यक्रमों, उपलब्धियों का केन्द्र में प्रचार-प्रसार, केन्द्र में आवश्यकतानुसार प्रेस संवाद करने इत्यादि हेतु नई दिल्ली में समुचित स्थान पर किराए की भूमि पर सूचना केन्द्र की स्थापना करने का प्रस्ताव है। इस

योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 45.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत 45.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

16. **सरकारी कार्यक्रमों हेतु वाह्य स्रोत से वाहन (OB वैन)** :- राज्य सरकार के कार्यक्रमों एवं योजना तथा मुख्यमंत्री एवं जनता के संवाद को प्रचार-सह-संवाद वाहन के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया जाना प्रस्तावित है। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक चैनलों में विकास कार्यक्रमों पर आधारित फिल्म एवं विज्ञापनों का प्रसारण दूर-दराज के क्षेत्रों में किया जाना शामिल है। पूरे प्रोजेक्ट का प्रबंधन तथा नियमन रांची स्थित सूचना भवन से किया जाएगा जहाँ इस कार्य के लिए एक स्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाना है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कवरेज प्रदान के लिए दो OB वाहन किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है। OB वैन द्वारा मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रमों का कवरेज लिया जाएगा और लिए गए कवरेज विभाग को सौंपे जाएँगे। सभी फुटेज की विभाग द्वारा जाँच करने के उपरांत ही इन्हें अन्य टी.वी. चैनलों को प्रसारण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्य की पूरी देख-रेख तथा निगरानी विभाग द्वारा की जाती है। अतः विभागीय मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 250.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 250.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।

17. **सूचना भवन निर्माण - मुख्य निर्माण कार्य** :- वित्तीय वर्ष 2015-16 में निर्माणाधीन सूचना भवनों हेतु राशि उपबंध किये जाने के अतिरिक्त रामगढ़ जिला में निर्माणाधीन सूचना भवन के शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु राशि का उपबंध किया जा रहा है। साथ ही बोकारो जिला एवं रामगढ़ जिला स्थित सूचना भवनों में पहुँच पथ का निर्माण विद्युतीकरण, जल व्यवस्था दुरुस्तीकरण इत्यादि हेतु योजना प्रस्तावित है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल 65.00 लाख रुपये प्रस्तावित है, जिसमें से जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के अन्तर्गत 10.00 लाख तथा अन्य क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 55.00 लाख रुपया मात्र प्रस्तावित है।


18. राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2015-16 में पत्रकारों के लिए चिकित्सा बीमा योजना लागू करेगी, जिसके लिए गैर-योजना मद में 15 लाख रुपया का प्रावधान किया गया है।

19. मुख्यमंत्री सामूहिक पत्रकार बीमा योजना के अन्तर्गत सामान्य मृत्यु होने पर भी पत्रकारों के लिए बीमा राशि का प्रावधान किया जा रहा है।

www.cmjharkhand.in




न्यू एज मीडिया की ओर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के बढ़ते कदम



ईटखोरी महोत्सव 2015 में सराहनीय कार्य के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग पुरस्कृत




गणतंत्र दिवस 2015 के अवसर पर नई दिल्ली के राजपथ पर प्रदर्शित
झाँकी को द्वितीय पुरस्कार

592/03/15•KAILASH PAPER•0651-2532251